मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-371
25/07/2020

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाढ़ एवं कोरोना संक्रमण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की

पटना, 25 जुलाई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाढ़ एवं कोरोना संक्रमण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित जिलों में जिनलोगों को निष्क्रमित कर बाहर लाया जा रहा है, उन्हें अच्छे राहत कैंपों में रखा जाय तथा उन्हें मुफ्त में मास्क उपलब्ध कराया जाय। साथ ही एस0ओ0पी0 के अनुसार सारी व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि पूर्वानुमान के अनुसार ऐहतियाती सारी व्यवस्थायें पूर्ण रखें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित सभी परिवारों के बीच जी0आर0 वितरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाय। एस0ओ0पी0 के अनुसार बाढ़ प्रभावित परिवारों को 6–6 हजार रूपये की सहायता उपलब्ध करायी जाय। इसमें किसी भी प्रकार की राशि की कमी नहीं होने दी जायेगी। आपदा पीड़ितों का राज्य के खजाने पर पहला अधिकार है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में नावों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाय।

कोरोना संक्रमण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग भी अपनी जॉच कराना चाहते हैं, उनकी डिमांड बेस्ड टेस्टिंग सुनिश्चित करायी जाय। आर0टी0पी0सी0आर0 से भी टेस्टिंग की संख्या बढ़ाने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना मरीजों के इलाज की अच्छी व्यवस्था हो और इसमें लोगों को परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाय। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी कोरोना संक्रमित मरीजों के बेड के पास ऑक्सीजन सिलेंडर एवं अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ गुणवतापूर्ण चिकित्सा सुनिश्चित करायी जाय। साथ ही स्वास्थ्य विभाग सैंपल्स के रिजल्ट को कम से कम समय में और अधिकतम 24 घंटे में लोगों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे, जबकि प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री उदय सिंह कुमावत, सचिव जल संसाधन श्री संजीव कुमार हंस सहित अन्य वरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

******